## एक नजर में

### 3 अगस्त को होगी सुपर -100 परीक्षा

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पारी में प्रातः 10ः30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2ः30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिये जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जायेगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत चित्रकला नुक्कड़ नाटक



**बालाघाट।** बालाघाट पुलिस प्रशासन द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान के तहत चित्रकला नुक्कड़ नाटक तथा अन्य खेल गतिविधियां जिला प्रशासन तथाजिला खेल विभाग के द्वारा विकासखंड में आयोजित की गई जिसमें विकासखंड कटंगी में युवा समन्वयक संतोष पारधी द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक स्कूल प्रधान पाठक एम एलभलावी ,लक्ष्मी मरावी, पुष्प लता शेडे अनीता देशमुख, उषा मासूरकर, मध्यम पटले ,लाल बहादुर रहाडाले , रुपसिह पटले , चंद्रदीप साहू, स्वास्थ्य विभाग मनोज पारधी , तथा स्कूली छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण की गई और शपथ लिया गया कि हम नशे से दूर रखेंगे तथा अपने जानने वाले सभी परिजनों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करेंगे।

### वेतन भत्ते की बढ़ोतरी का विरोध

**बालाघाट ।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के,जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने समाचार प्रेशित कर बताया है कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में, प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, सम्माननीय, विधायको, सांसद, राज्यसभा सदस्य गणों को वेतन-भत्ता, एवं अन्य सुविधाएं देने एवं वेतन भत्ते की बढ़ोतरी का विरोध करता है ।विधायक, सांसद, राजसभा सदस्य,जनता के, द्वारा चुनें गये,जन सेवक है ।इन्हें,वेतन भत्ते, अन्य सुविधाएं नही दि जा सकतीं हैं। अब इन जनसेवकों का वेतन भत्तों का प्रस्ताव लाया जा रहा प्रदेश के समस्त सम्माननीय पेंशन प्राप्त कर्ता अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पुरजोर विरोध करते हैं। विधायक, सांसद जनता के वोटों से बनते हैं। सांसद विधायक के वोटों से राजसभा सदस्य बनाएं जाते हैं।

---

**कार्यवाही** शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा व निर्माण करने वाले को तहसीलदार ने दिया बेदखली का आदेश

# छोटा वन जंगल प्लस के पेड़ों को काटकर बना रहे अवैध पक्के मकान



**नवभारत, किरनापुर।** तहसील कार्यालय किरनापुर से एक बड़ी खबर सामने आई है जहां पुसौर तहसीलदार सुश्री वर्षा झारिया द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जा करने वाले एक अतिक्रमणकारी को बेदखली आदेश जारी किया गया है। दरअसल, किरनापुर तहसील के ग्राम पंचायत बम्हंगॉव के गॉव परसटोला कृष्णकुमार पिता नंदराम द्वारा. राजस्व भूमि खसरा कमांक 83 रकवा 0.926 हे. मेसे 900 वर्गमीटर पर झोपडी निर्माण करने से कब्जा किया गया था। जिसके खिलाफ हल्का पटवारी द्वारा अतिक्रमण प्रतिवेदन पेश करने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अतिक्रमण करने का दोषी पाते हुए दिनांक 22/07/2025 को बेदखल किए जाने का आदेश पारित कर रू. 1000/- (एक हजार रूपये) का जुर्माने से दण्डित किया गया ।वही अतिक्रमण कृष्णकुमार पिता नंदराम को आदेशित किया गया है कि कि तीन दिवस के भीतर किया गया, वह स्वयं अतिक्रमण हटाएँ। कहा गया है कि दिये गये निर्धारित समय पर शासकीय भूमि खाली नहीं करने पर बल पूर्वक हटाया जाएगा और उसमें आने वाला खर्चा भू-राजस्व की भांति वसूल किया जाएगा।

बेदखली कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया गया है ।साथ ही बेदखली दिनांक से रू. 500/- प्रति दिन के हिसाब से अर्थदण्ड वसूला जायेगा तथा सिविल जेल की कार्यबाही व वरिष्ठ न्यायालय की ओर प्रस्तावित किया जायेगा ।अब यह देखना होगा कि आखिर अतिक्रमणकारि द्वारा स्वयं हटाया जायेगा ,या फिर प्रशासन द्वारा तीन दिवस के बीतर अतिक्रमण हटाने अपनी भूमिका निभाएंगे ।

### आखिर कब करोड़ों की शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों से मिलेंगी मुक्ति

जानकारी अनुसार छोटा जंगल वन प्लस पेड़ो कि बली दी जा रही है ,जिसे धीरे धीरे पेड़ो को सफाया कर भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनाया जा रहा है,जो वर्षो से निवासरत भूमि को बेचकर शासकीय भूमि में कब्जा कर पक्के मकान का निर्माण किया जा रहा है ।जिसे शाशकीय भूमि की कब्जा धारियों बने भुमि मकानों पर आकलना करे तो करोड़ो रुपये कि मानी जा सकती है, जोकि राजस्व अधिकारी अपने हि राजस्व भूमि जो करोड़ो रुपये कब्जा करने वालो को नहीं हटा जा रहा है ।जिससे कब्जा धारियों कि धीरे धीरे हौसलें बुलंद हो रहे है ।क्या किरनापुर राजस्व अधिकारीयों का आशीर्वाद कब्जा धारियो पर बना हुआ है ।क्या अब करोड़ो भूमि पर अतिक्रमणकारियों से होगा आजाद यह देखने मिलेगा।



## हरियाली तीज उत्सव पर देखने को मिला संस्कृति और उमंग का संगम

**नवभारत, किरनापुर।** किरनापुर के वार्ड नं 01 के पॉवर हाऊस कालोनी में हरियाली तीज का पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। आयोजित इस उत्सव में मेहंदी, नृत्य और गायन प्रतियोगिताएं शामिल हैं। यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के सावन माह की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाए जाने वाला हरियाली तीज का पर्व पॉवर हॉउस कॉलोनी किरनापुर के मैदान बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

इस आयोजन का संयोजन पॉवर हाउस कॉलोनी की समस्त मातृशक्तियो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। यह उत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है, बल्कि यह महिलाओं और किशोरियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का एक शानदार मंच भी प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन में मेहंदी, नृत्य, गायन और अन्य रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित इस उत्सव में महिलाएं हरे रंग के परिधान और सोलह श्रृंगार में सजकर उत्सव में शामिल हुई। प्रतियोगिता मे नृत्य और गायन में पारंपरिक और आधुनिक प्रस्तुतियों का अनूठा संगम देखने को मिला।

आयोजित कार्यक्रम स्थल को रंग-बिरंगी सजावट और झूलों से सजाया गया था, जो सावन की हरियाली और उत्साह को और बढ़ा रहा था ।महिलाएं और किशोरियां सावन के लोकगीत गाते हुए झूलों का आनंद ले रही थी, जो इस पर्व की पारंपरिक विशेषता है।

## वर्षा जनित बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की एड्वायजरी जारी

**जल जनित संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छ जल का ही करे सेवन**

**नवभारत, बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप द्वारा वर्षा ऋतु में होने वाली संभावित बीमारियों की रोकथाम को लेकर एडवायजरी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि दूषित पेयजल के कारण विभिन्न संक्रामक रोग विशेषकर उल्टी, दस्त, पेंचिश, हैजा, पीलिया,टाईफॉइड जैसे जल-जनित रोगों की अत्यधिक संभावना होती है। साथ ही जल भराव के कारण वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया का अत्यधिक खतरा बना रहता है। जनसामान्य से अपील की गई है कि सुरक्षित पेयजल स्त्रोतों का ही उपयोग करें। यदि पानी दूषित होने की संभावना हो तो खुले कुओं का विसंक्रमण ब्लीचिंग पाउडर द्वारा एवं घरेलू पेयजल के भण्डारों के विसंक्रमण के लिए क्लोरिन की गोलियों का उपयोग करें।

सीएमएचओ डॉ. उपलप ने जारी एडवायजरी में कहा है कि पानी के भण्डारण के लिए उपयोगरत बर्तन, मटका, दूध, डिब्बा, टंकी आदि को ढककर रखें। यथासंभव पानी उबालकर उपयोग करें। ताजा भोजन का ही सेवन करें तथा ज्यादा देर का बना भोजन अथवा बासी खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें। सड़े-गले, फटे एवं कटे हुए फलों को न खरीदें। सब्जियों व फलों को साफ पानी से धोकर उपयोग करें तथा साफ चाकू से काटे। खाद्य सामग्रियों को ढककर रखें। खाना बनाने, परोसने व खाने के पहले हाथ साफ पानी व साबुन से अच्छी तरह धोयें। शौच से आने के बाद हाथों को साफ पानी व साबुन से अच?छी तरह से साफ करें एवं मिट्टी का उपयोग न करें। खुले में शौच से बचें एवं शौचालयों को स्वच्छ रखें।

## नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को दिलाई शपथ

**नवभारत, कटंगी।** बालाघाट पुलिस प्रशासन द्वारा जन जागरूकता अभियान के तहत 15 जुलाई से जुलाई महीने तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी में नशा मुक्ति अभियान के तहत चित्रकला नुक्कड़ नाटक तथा अन्य खेल के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम जिला प्रशासन तथाजिला खेल विभाग के द्वारा विकासखंड में आयोजित की गई जिसमें इसमें शाला में उपस्थित सभी छात्राओं एवं शिक्षकगण के बीच नशा मुक्ति अभियान के नशा का सेवन नहीं करेंगे भारत को नशा मुक्त बनाएंगे हेतु सभी को शपथ




दिलाई गई विकासखंड कटंगी में युवा समन्वयक संतोष पारधी द्वारा शासकीय कन्या माध्यमिक स्कूल प्रधान पाठक एम एलभलावी ,लक्ष्मी मरावी, पुष्प लता शेडे अनीता देशमुख, उषा मासूरकर, मध्यम पटले ,लाल बहादुर रहाडाले , रुपसिह पटले , चंद्रदीप साहू, आईसीटीसी परामर्शदाता. कमलेश बंजारे लैब टेक्नीशियन स्वास्थ्य विभाग मनोज पारधी , तथा स्कूली छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण की गई और शपथ लिया गया कि हम नशे से दूर रखेंगे तथा अपने जानने वाले सभी परिजनों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित करेंगे।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हुआ सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ

**नवभारत, बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महर्षि विश्व शांति ट्रस्ट के एक इकाई

महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान (ड्ड्ढ) आज के युग में एक अनूठा प्रयास है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपने भीतर की दिव्यता से जोड़ना है। परम पूज्य वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के आशीर्वाद से यह अभियान 25 अगस्त 2023 को प्रारंभ हुआ। इसका मूल भाव है कि हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा, गुरु परंपरा और महर्षि महेश योगी जी की ध्यान परंपरा को समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुँचाया जाए।

इसी कड़ी में आज



महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में सामूहिक सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ रखा ,जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। वही महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह राष्ट्रीय कार्यालय से नियुक्त सहायक निदेशक अमित यदुवंशी का प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया द्वारा स्वागत किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने कहा कि यह हम सभी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान (ड्ड्ढ) के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर समूह के विभिन्न विद्यालयों में कई प्रेरक और सफल कार्यक्रम संपन्न करवाएं जा रहे है, परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी एवं तपोनिष्ठ वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के दिव्य आशीर्वाद से यह आध्यात्मिक ज्योति विद्यालयों के माध्यम से समाज के कोटि-कोटि जनमानस तक पहुँच रही है।

इस पवित्र अभियान में हमारे शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। यह हमारी जीवंत गुरु परंपरा की शक्ति को दर्शाता है और विद्यार्थियों को महर्षि परंपरा के मूल जीवन मूल्यों को आत्मसात कराने में सहायक बन रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में गुरु परंपरा पूजन, हेमाद्रि संकल्प, ध्यान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड, ाीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ तथा रामचरितमानस के अंश का गायन श्रद्धा और दिव्यता के वातावरण में हो रहा है। विद्यालय परिसर इन आध्यात्मिक गतिविधियों से नई ऊर्जा, अनुशासन और एकात्मता से ओतप्रोत हो रहा है ।इस कार्यक्रम में संगीत शिक्षक श्री नितेश कुमार मिश्रा द्वारा तैयार किए विद्यार्थियों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

## मनाई गई तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक सादे समारोह में संत गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष, इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। सर्व प्रथम गोस्वामी तुलसीदास की स्वरचित रामायण का विधिवत पूजन अर्चन एवं गोस्वामी जी एवं मुंशी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार ने संत गोस्वामी तुलसीदास जी की रामायण पर प्रकाश डालते हुए कहा वर्तमान परिदृश्य में खासकर श्रावण मास में रामायण का अत्यधिक महत्व है, घर-परिवार, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों में अखंड रामायण और सुंदर कांड का पाठ किया जाता है। जन समुदायों को राम एवं उनके परिवारजनों के चित्रणों का अखान कर धर्म-परायण के प्रति लगनता की ओर प्रेरित किया जाता है, आज घर-घर राम की गुंज देखी जाती है। चित्रकुट के घाट पर... कितना सटीक शब्द में रहस्य छिपा हुआ है। उक्त अवसर पर नीलिमा मरकाम, बलिनन्दर चौहान ने भी अपने विचारों से उपस्थितों को अवगत कराया।



## आईएमए ने रेडक्रास सोसायटी के लिए कलेक्टर को सौंपा 1 लाख का चेक

**नवभारत, बालाघाट।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं देने के साथ ही सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.बी.एम.शरणागत ने 31 जुलाई को कलेक्टर श्री मृणाल मीना को जिल रेडक्रास सोसायटी बालाघाट के खाते में जमा करने के लिए 01 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जोशी, सचिव डॉ. विक ?की खोबरागढ़े एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप उपस्थित थे।

## किरनापुर में चिंतन, कार्यकर्ता, प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरो के माध्यम से समाज में जनजागृति तथा महापुरूषों की विचार धारा का प्रचार प्रसार निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील शाखा किरनापुर मुख्यालय के शाक्यमुनी बुद्ध विहार में दिनांक 2 व 3 अगस्त को अंद्धश्रद्धा निर्मुलन एवं चिंतन, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के पालक मंत्री बी.एच.गायकवाड गुरूजी एवं डॉ.एडवोकेट एस.एस.वानखेडे सर राष्ट्रीय सचिव व केन्द्रीय प्रशिक्षक विभाग प्रमुख





मुंबई प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रशिक्षण देगें। वही प्रमुख अतिथि एवं शिविर उदघाटक डा. चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा द., गौतम पाटिल, आर.के.कठाने माजी श्रामनेर बोद्धाचार्य होंगे,अध्यक्षता दुरेंद्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर करेंगे ।शिविर में उपस्थित होकर धम्मलाभ लेने हेतु तहसील शाखा किरनापुर अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर, जिला संघठक बी.एल.घल्लेकर, महसचिव विनय चौरे कोषाध्यक्ष, गौतम भिमटे, हंसराज वाहने आदि पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी उपासक उपासिकाओं से उपस्थिति की अपील की है।


### जाहिर सूचना

मैं, **योगेन्द्र एच.दहीकर** अधिवक्ता अपने पक्षकार आंचलिक प्रबंधक, भा.जी.बी.नि. गृह वित्त मर्या. छिंदवाड़ा की ओर से अधिकृत होकर आम सूचना जाहिर करता हूँ कि-
मेरे पक्षकार के द्वारा एक अचल संपत्ति जो ग्राम किरनापुर प.ह.नं. 16/36, तह.किरनापुर जिला बालाघाट में स्थित खसरा नं. 386/13 रकबा 0.019 हें./2100 वर्गफुट भूमि है, मो. असहद कुरैशी पिता श्री मो. अहमद कुरैशी निवासी ग्राम कटंगी, तह. किरनापुर जिला बालाघाट के नाम से आधिपत्य की है, जिसे मो. कुरैशी पिता श्री मो.अहमद कुरैशी की ही सहमति से मेरे पक्षकार के समक्ष बंधक रखा जा रहा है।

यह कि, उपरोक्त भूमि संपत्ति मो.असहद कुरैशी पिता श्री मो.अहमद कुरैशी निवासी ग्राम कटंगी, तह. किरनापुर जिला बालाघाट के द्वारा श्री मोहम्मद रेहान कुरैशी पिता श्री मो. अयुब कुरैशी, जाति मुसलमान निवासी किरनापुर तह. किरनापुर जिला बालाघाट से रजिस्ट्रर्ड बैनामा दिनांक 06/07/2023 के माध्यम से क्रय किया गया था। तथा श्री मोहम्मद रेहान कुरैशी पिता श्री मो. अयुब कुरैशी, जाति मुसलमान निवासी किरनापुर तह. किरनापुर जिला बालाघाट ने उपरोक्त भूमि संजय दुबे पिता श्री विजयचरण दुबे के वारसान 1. श्रीमति जया दुबे पति श्री संजय दुबे 2.श्री जयचरण दुबे, 3. कल्याणी दुबे पिता श्री संजय दुबे, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पाथरी तह. किरनापुर जिला बालाघाट से रजिस्टर्ड बैनाम दिनांक 24/03/2022 के माध्यम से क्रय की गई थी। तथा उपरोक्त संपत्ति श्री संजय दुबे पिता श्री विजयचरण दुबे, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पाथरी तह. किरनापुर जिला बालाघाट के द्वारा श्रीमति उर्मिलाबाई पति श्री मोहनलाल बिसेन जाति पवांर निवासी वार्ड नं. 33, हरिओम नगर, बालाघाट तह. व जिला बालाघाट की ओर से मु.आ. अनिल बघेले पिता श्री रामनाथ बघेले, जाति लोधी निवासी ग्राम कुम्हारी तह. खैरलांजी जिला बालाघाट से दिनांक 11/12/2012 को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से क्रय किया है।

चूंकि दिनांक 11/12/2012 श्री संजय दुबे पिता श्री विजयचरण दुबे, जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम पाथरी तह. किरनापुर जिला बालाघाट के नाम की एवं दिनांक 24/03/2022 की रजिस्ट्री जो श्री मोहम्मद रेहान कुरैशी पिता श्री मो. अयुब कुरैशी के नाम की रजिस्ट्री घर में ही कहीं रख रखाव में गुम (खो) गई हैं, ऐसी जानकारी मेरे पक्षकार को मो. असहद कुरैशी पिता श्री मो. अहमद कुरैशी निवासी ग्राम कटंगी, तह.किरनापुर जिला बालाघाट के द्वारा दी है। अतः मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को अपने समक्ष रहन/बंधन रख रहा है, इसलिए ज्ञातत्य हो कि उक्त रजिस्ट्री दिनांक 11/12/2012 एवं 24/03/2022 से कोई संव्यवहार किया जाता है, वह अवैध व शुन्य होगा, उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो, तो इस प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें, अवधि बीत जाने पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को रहन रखने हेतु स्वतंत्र होगा।

वास्ते सूचना जानों।

दिनांक 01/08/2025

**योगेन्द्र एच.दहीकर**
**पेनल एडवोकेट**
भा.जी.बी.नि. गृह वित्त मर्या. छिंदवाड़ा
सर्किट हाउस रोड, आजाद चौंक, बालाघाट


## मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए : विधायक भगत

**नवभारत, बालाघाट।** भोपाल में चल रहे विधानसभा सत्र को देखते हुए ओबीसी वर्ग ने गत दिवस 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने को लेकर एक प्रदर्शन किया था। जिसमें उन्होने मांग की थी भाजपा की मोहन सरकार लगातार ओबीसी वर्ग के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के मुद्दे पर गुमराह कर रही है, जो इस वर्ग के साथ अन्याय है। इस आंदोलन में विधायक मधु भगत ने भी भाग लिया और कहा कि भारत में संख्या के अनुपात के अनुसार ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिया जाना चाहिये। जितनी भी इन 10 वर्षो में सरकारी नौकरी में शासन द्वारा नियुक्ति प्रदान की गई है उसकी जांच होनी चाहिये।



विधायक भगत के अनुसार यदि अनुपात के अनुसार सरकारी भर्ती नहीं हुई तो तत्काल भर्तिया निरस्त कर ओबीसी वर्ग के अभ्यार्थी को 27 प्रतिशत आरक्षण के अनुसार नौकरी में उनका स्थान मिलना चाहिये। जो लोग लगातार सरकारी नौकरी के लिये प्रयास करते करते शासन के नियमानुसार उम्र के करीब आ चुके है। उनकी उम्र की समयसीमा बढ़ाई जानी चाहिये। यदि सरकार हम लोगों की मांग पूरी नहीं करती तो यह लडाई सदन से लेकर सड़क तक निरंतर जारी रहेगी। अब भी समय है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ओबीसी वर्ग की पीडा को समझे और उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का निर्णय तत्काल लागू करें।


### कार्यालय ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर जिला पंचायत बालाघाट

क्रमांक/Q/ग्रा.पं./2025 **निविदा सूचना** दिनांक : 31/07/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत **करियादंड** जनपद पंचायत **किरनापुर** के आगनबाड़ी भवन ग्राम **नेवरगावखुर्द** में वर्ष 2025-26 में मनरेगा योजना, सांसद निधी, विधायक निधी, पंच परमेश्वर योजना 15 वां वित्त, 5वां वित्त, राज्य वित्त, **महिला बाल विकास मद** एवं अन्य मदों से कराये जाने वाले कार्यों के लिए सामग्री लोहा, सीमेंट, गिट्टी, रेती आदि क्रय किया जाना है। इस हेतु **दिनांक 31/07/2025 से 05/08/2025** तक मटेरियल सप्लायरों से निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जावेगा।

**सरपंच** श्रीमति सरोजनी राजेश पांचे | **उपसरपंच** पवन लिल्हारे | **सचिव** अर्जुनबाहे | **रोजगार सहायक** देवेन्द्र रांहगडाले

**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत करियादंड जनपद पंचायत किरनापुर**